


# एक क्लिक में पता चल जाएगा कहां है खाद और बीज की दुकान

- पीएम गति शक्ति पोर्टल से मैप होंगे कृषि इंफ्रास्टक्चर
- जीपीएस लोकेशन से खाद-बीज दुकानों तक पहुंचेंगे किसान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** क्षेत्र में खाद-बीज की दुकान, गोदाम, फार्म हाउस हो या फिर कृषि विभाग के अन्य इंफ्रास्टक्चर (अवसंरचना) सभी एक क्लिक में पता चलेगा और किसान जीपीएस लोकेशन के माध्यम से यहां पहुंच सकेंगे। इसके लिए केंद्र के निर्देश पर 'पीएम गति शक्ति पोर्टल' पर कृषि इंफ्रास्टक्चर मैपिंग करके अपलोड किया जा रहा है।

ताकि किसानों को अपने क्षेत्र में लाइसेंसी और अधिकृत प्रतिष्ठानों की जानकारी होगी और सहायता या जानकारी के लिए वह आसपास स्थित कृषि विभाग के कार्यालय पर संपर्क कर सकेंगे। इन सभी की जीपीएस लोकेशन के साथ फोटो आदि विवरण अपलोड होगा। इससे पोर्टल खोलते ही लोकेशन के माध्यम से किसान वहां तक पहुंच सकेंगे। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया कि केंद्र ने कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता और सरलता लाने के लिए यह व्यवस्था पिछले वर्ष लागू की थी। इससे किसानों को प्रतिष्ठान, सरकारी परिसर, कार्यालय सभी की जानकारी पोर्टल पर मिलेगी। जीपीएस लोकेशन के माध्यम से पहुंच भी जाएंगे। इसकी मैपिंग शुरू कर दी है।

### जिले में कृषि इंफ्रास्टक्चर की स्थिति

- खाद–बीज प्रतिष्ठान – 650
- कीटनाशकन प्रतिष्ठान – 600
- सीड स्टोर (बीज गोदाम) – 8
- सरकारी फार्म हाउस – 4
- सरकारी कार्यालय – 10

### सीमा से सटे प्रतिष्ठानों पर रुकेगा फर्जीवाड़ा

- डिजिटल व्यवस्था से दूसरे जिले की सीमा से सटे प्रतिष्ठानों से खरीद–बिक्री में फर्जीवाड़ा रुकेगा। क्योंकि किसानों को सीमा पर खुले प्रतिष्ठानों की जानकारी नहीं हो पाती है। और वह खरीद तो करते हैं लेकिन, उनके नाम से विक्रेता फर्जीवाड़ा करते हैं। पोर्टल पर सिर्फ जिले के अधिकृत प्रतिष्ठान, कार्यालय आदि खुलेंगे। इससे जो चोरी–छिपे या फिर मिलावटी उर्वरक, कीटनाशक आदि बेचते हैं उनकी भी किसानों को जानकारी हो सकेगी।

## ऊसर सुधार भूमि पर खरीफ से होंगी फसलें

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में पंडित दीन दयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना के तहत सुधारी गई 400 हेक्टेयर बीहड़–बंजर भूमि पर किसान खरीफ की फसलें करेंगे। इससे खेती का रकबा बढ़ेगा और किसानों की आय में इजाफा होगा। भूमि संरक्षण विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में माल, मलिहाबाद, गोसाईगंज और मोहनलालगंज में आठ परियोजनाओं पर काम किया। क्षेत्र में किसानों की 400 हेक्टेयर ऊसर–बंजर भूमि चिह्नित करके सुधारी, जहां किसान खेती नहीं कर पाते हैं। योजना के तहत परियोजनाएं बनाकर समतलीकरण, मेड़बंदी, जल निकासी आदि प्रक्रिया से भूमि कृषि योग्य बनाई है। इसमें करीब 600 किसानों की जमीन शामिल है, जहां अप्रैल से खरीफ की फसलें धान, दलहन–तिलहन, सब्जी आदि की जाएंगी। भूमि संरक्षण अधिकारी संगीता कटियार ने बताया कि शुरुआती दौर में किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए खाद–बीज के लिए 35 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर धनराशि देंगे। होली बाद प्रशिक्षण कराएंगे।

## प्राणि उद्यान में भेड़िया की मौत

**अमृत विचार, लखनऊः** नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में बीमारी से वृद्ध मादा भेड़िया की मौत हो गई। प्राणि उद्यान निदेशक ने बताया कि भेड़िया वर्ष-14 पहले वन्य जीव विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत जयपुर प्राणी उद्यान से लाई गई थी। तब से यहां थी। बीते कुछ दिनों से उसकी तबीयत लगातार खराब चल रही थी। चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार किया जा रहा था, लेकिन उम्र अधिक होने के कारण उसे बचाया नहीं जा सका। निर्धारित प्रक्रिया के तहत पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई है।

# सड़क हादसों में पति और पत्नी समेत छह की मौत

- लखनऊ, उन्नाव, बाराबंकी के लोग हुए हादसे का शिकार
- दो लोग घायल, अस्पतालों में कराया गया भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ / बख्शी का तालाब

**अमृत विचार :** अलग-अलग सड़क हादसों में पति-पत्नी समेत छह लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। हादसे का शिकार हुए लोग जनपद के अलावा उन्नाव, सीतापुर और बाराबंकी के रहने वाले थे।

इंस्पेक्टर बीबीडी राम सिंह के मुताबिक बाराबंकी कोतवाली के फरेश्तीपुर निवासी देवेंद्र कुमार (38) सोमवार दोपहर को पत्नी सीता देवी (36) के साथ बाराबंकी के एक अस्पताल में भर्ती रिश्तेदार को देखने जा रहे थे। इसी बीच अनौरा कला में पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से दंपति छिटककर सड़क पर गिरे। हादसे के बाद चालक कार लेकर भाग गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को लोहिया अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने देवेंद्र और उनकी पत्नी सीता को मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर राम सिंह ने बताया कि देवेंद्र के पास से बरामद मोबाइल से उनके परिजन को सूचना दे दी गई है। शाम को देवेंद्र के रिश्तेदार संजीव की तहरीर पर UP16FA3900 नंबर की कार के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। कार चालक की तलाश की जा रही है।

एक अन्य हादसा सोमवार को बंथरा बाजार के पास हुआ। वहां होली मनाने बाइक से घर जा रहे उन्नाव जिले के बीघापुर थाना क्षेत्र के इंदेमऊ निवासी राममूर्ति शुक्ला (35) की बाइक में तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में पीछे से ठोकर मार दी। राममूर्ति बाइक सहित छिटक कर काफी दूर जा गिरे। भागने के चक्कर में चालक ने ट्रक की रफ्तार बढ़ा दी और राममूर्ति को कुचलते हुए भाग निकला। इंस्पेक्टर बंथरा राणा राजेश सिंह के मुताबिक राममूर्ति कृष्णा नगर स्थित बाइक एजेंसी में काम करते थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग आक्रोशित होकर रोड पर आ गए। जिससे सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। जाम की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों को शांत कराकर जाम खुलवाया।


मृतक राकेश


मृतक राम मूर्ति शुक्ला

दोपहर में इटौंजा फ्लाईओवर के पास सीतापुर के संदना टॉडीपुरवा निवासी राकेश (35) की बाइक में पीछे से आई तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों बाइक से छिटककर सड़क पर गिर गए। इसी बीच तेज रफ्तार डाला राकेश के सिर को कुचलते हुए निकल गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर इटौंजा थाने की दरोगा सारिगा गुप्ता पुलिस बल के साथ पहुंची। एंबुलेंस से दोनों घायलों को अस्पताल भेजा। ट्रामा में डॉक्टरों ने राकेश को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके साथी संदीप की हालत नाजुक देख भर्ती कर लिया। राकेश लखनऊ में रहकर निजी कंपनी में नौकरी करता था। साथी संदीप के साथ बाइक से होली मनाने घर जा रहा था। उनके परिवार में उसकी पत्नी गीता तीन बच्चे आकाश, राज और बेटी काजल है। गीता ने बताया कि पति होली का त्योहार मनाने के लिए घर आ रहे थे।

उधर, पीजीआई अस्पताल के गेट नंबर-2 के पास रविवार रात हुए सड़क हादसे में बस चालक किशनपाल (51) की मौत हो गई। रहीमाबाद के खड़ऊवा गांव निवासी किशनपाल ठाकुर ट्रांसपोर्ट की बस चलाते थे। भाई कमलेश के अनुसार, त्योहार के चलते वह घर गए थे और घर पर त्योहार खर्च देकर रविवार रात ड्यूटी पर लौटे थे। रात करीब सवा नौ बजे वह बस से उतरकर सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी पुलिस ने उनके मोबाइल से पहचान कर रात करीब 10 बजे परिजन को सूचना दी।

सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में होटल कंफर्ट इन के पास रविवार रात एक कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार ईशु सिंह की मौत हो गई। वहीं, उसका साथी अतुल घायल हो गया। उसे ट्रामा टू में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक अंसल एपीआई में किराए का कमरा लेकर ईशु सिंह और उसका फुफेरा भाई प्रखर ऑनलाइन मार्केटिंग कंपनी में नौकरी करते थे। रात ईशु साथी अतुल के साथ बाइक से जा रहा था।

## रिपोर्ट संसद में आई तो देशव्यापी आंदोलन करने की चेतावनी

**अमृत विचार, लखनऊः** ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने विद्युत संशोधन बिल के ड्राफ्ट को अंतिम रूप देने के लिए गठित वर्किंग ग्रुप की रिपोर्ट पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। फेडरेशन ने चेतावनी दी है कि यदि इस रिपोर्ट के आधार पर संसद में बिल पेश किया गया तो देशव्यापी आंदोलन छेड़ा जाएगा।

फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि वर्किंग ग्रुप ने अपनी रिपोर्ट केंद्रीय विद्युत मंत्री को सौंप दी है। दुबे ने आरोप लगाया कि इस वर्किंग ग्रुप में आलोक कुमार को भी शामिल किया गया है, जो ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोसिएशन के डायरेक्टर जनरल हैं। फेडरेशन का कहना है कि ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोसिएशन एक निजी संस्था है और इसके पदाधिकारी सार्वजनिक रूप से बिजली वितरण के निजीकरण की वकालत करते रहे हैं। ऐसे में आशंका है कि वर्किंग ग्रुप की रिपोर्ट में ऐसी सिफारिशें शामिल की गई होंगी, जिनसे निजी औद्योगिक समूहों को लाभ पहुंचे। फेडरेशन ने मांग की है कि वर्किंग ग्रुप की रिपोर्ट को तत्काल सार्वजनिक किया जाए।

# रिटायर्ड पुलिसकर्मी से बिल्डर ने मांगी पांच लाख की रंगदारी

- 13 वर्ष पूर्व ग्रीन पार्क इंफ्रा प्रोजेक्ट प्रा. लि. से खरीदी थी जमीन
- संपूर्ण समाधान दिवस पर शिकायत के बाद दर्ज हुई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** मोहनलालगंज के शिवलर में रिटायर्ड पुलिसकर्मी कमलेश यादव ने भूखंड खरीदा। आरोप है कि 13 वर्ष पूर्व ग्रीन पार्क इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा.लि. से इसकी रजिस्ट्री भी करा ली। इसके बाद भी कंपनी ने कब्जा नहीं दिया। लगातार दबाव बनाने के बाद कंपनी के प्रबंधक व मालिक पांच लाख रुपये की रंगदारी मांग रहे है। पुलिस से शिकायत की तो कोई कार्रवाई नहीं हुई। परेशान होकर संपूर्ण समाधान दिवस पर शिकायत की। जिसके बाद मोहनलालगंज थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गाजीपुर के मुहम्मदपुर लतीफ निवासी कमलेश यादव पुलिस सेवा से रिटायर्ड हैं। उन्होंने बताया कि 2012 में ग्रीन पार्क इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा.लि. से भूखंड खरीदने के लिए संपर्क किया। तय धनराशि जमा कर दी। एक मई 2013 को तहसील मोहनलालगंज में रजिस्ट्री करा ली। कंपनी ने दो वर्ष में प्लॉट विकसित कर कब्जा देने का आश्वासन दिया था। समय सीमा बीतने के बाद भी कब्जा नहीं दिया। 2017 में संपर्क किया तो नोटबंदी व विकास कार्य अधूरा होने का हवाला देकर दो वर्ष का समय मांगा। 2020 में कोविड व एलडीए के स्वीकृति न मिलने का बहाना बनाकर टालमटोल किया गया। 2022 में जब कब्जा कराने के लिए दबाव बनाया। तो प्रति वर्गफीट 270 रुपये की दर से अतिरिक्त 3.37 लाख रुपये की मांग की। साथ ही दूसरे प्रोजेक्टर में भूखंड देने को कहा। इसके लिए 67,300 रुपये की मांग की गई। बिना सहमति के ले-आउट बदलकर एलडीए अप्रूवल के नाम पर अत्यधिक धन की मांग की जा रही है। कंपनी के पूर्व मैनेजर प्रवीण खन्ना, वर्तमान मैनेजर ओजस शुक्ला सहित अन्य कर्मचारियों द्वारा पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगकर मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। कमलेश ने पुलिस से शिकायत की तो कोई कार्रवाई नहीं हुई। संपूर्ण समाधान दिवस पर पहुंचे। जानकारी अधिकारियों को हुई। अधिकारियों के आदेश पर मोहनलालगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दहेज प्रताड़ना व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा के मवई पड़ियाना निवासी जूली पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें उन्नाव जिले के फतेहपुर चौरासी स्थित सुरतलाना तरस्ला निवासी पति अनुराग सिंह, सास सरला देवी, ससुर नरेश सिंह और ननद सरिता पर दहेज उत्पीड़न और मारपीट का आरोप लगाया है। जूली पटेल के मुताबिक उसकी शादी 12 जुलाई 2024 को अनुराग सिंह के साथ हिंदू रीति–रिवाज से हुई थी। विवाह में उसके पिता ने सामर्थ्य से बढ़कर दान–दहेज दिया था। पीड़िता का आरोप है कि शादी के चार माह बाद ही पति अनुराग सिंह, ससुर नरेश सिंह, सास सरला देवी और ननद सरिता ने कार व मकान निर्माण के लिए पांच लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। असमर्थता जताने पर उसके साथ गाली–गलौज व मारपीट की। आरोप है कि उसके शैक्षणिक प्रमाण पत्र और जेवरात भी रख लिए। आरोप है कि 23 सितंबर 2025 को पीजीआई थाना क्षेत्र में किराये के कमरे पर भी पति और ननद ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### मानदेय न मिलने से होली फीकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री के निर्देशों के बावजूद होली पर बिजली विभाग लखनऊ के दो जोनों अमौसी और मध्य जोन में काम करने वाले आउटसोर्स कर्मचारियों को मानदेय नहीं मिला है। इससे कर्मियों में में रोष व्याप्त है। निविदा संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि से अमौसी और मध्य जोन में मेसर्स टी एण्ड एम कंपनी का आउटसोर्सिंग का ठेका है। आरोप है कि कंपनी नियमित रूम से मानदेय का भुगतान नहीं करती है।

### दबंगों ने युवक को पीटा थार चढ़ाकर पैर तोड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सर्वपल्ली माल एवेन्यू रोड निवासी प्रदीप शुक्ला के मुताबिक 18–19 फरवरी की रात करीब 12 :30 बजे वह मालिक एसएम साहिल और उनके परिवार के साथ माल एवेन्यू घर से निकल रहे थे। जल निगम मुख्यालय के सामने कुछ युवक शराब के नशे में पुराना किला निवासी गुरप्रीत सिंह के साथ मारपीट कर रहे थे। प्रदीप बीच–बचाव के लिए आगे बढ़े तो हमलावर उनके और साहिल पर भड़क गए और गाली–गलौज करने लगे। आसपास भीड़ जुटती देख आरोपित भागने लगे। पहले एक स्विफ्ट डिजायर निकली, फिर महिंद्रा थार और एक अन्य वाहन तेज रफ्तार से फरार हुए। भागते समय आरोपितों ने प्रदीप की कार में जोरदार टक्कर मारते हुए साहिल के पैर पर चढ़ा दी। हादसे में साहिल के पैर में फ्रैक्चर हो गया। घायल को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इंस्पेक्टर हुसैनगंज शिवमंगल सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है और आरोपितों की तलाश में दो टीम लगाई गई हैं।

## 11 पुलिस टीमें 24 घंटे रखेंगी सोशल मीडिया पर नजर

**अमृत विचार, लखनऊ :** होली और ईरान में खामेनेई के मारे जाने के बाद पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। भड़काऊ व आपत्तिजनक पोस्ट कर किसी ने माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस उसे जेल भेज देगी। कमिश्नरेट पुलिस ने सोशल मीडिया पर 24 घंटे निगरानी रखने के लिए 11 टीमें गठित की हैं।

पुलिस उपायुक्त अपराध कमलेश कुमार दीक्षित के मुताबिक सोशल मीडिया पर भड़काऊ मैसेज पोस्ट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए पुलिस कमिश्नर, दोनों जेसीपी, डीसीपी क्राइम और पांच जोनों में कुल 11 टीमें बनी हैं। इसके अलावा साइबर क्राइम सेल हजरतगंज और साइबर थाने को भी लगाया लगाया गया है। खामेनेई के मारे जाने के बाद जगह-जगह विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं।

हालांकि प्रदर्शन शांति तरीके से हो रहे हैं। इसको लेकर अहतियात बरते गए हैं। बड़ी संख्या में पुलिस बल लगाया गया है। निगरानी के लिए बनी टीमें इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म, व्हाट्सएप, एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम पर निगरानी करेंगी। अगर किसी ग्रुप में किसी ने कोई आपत्तिजनक अथवा भड़काऊ पोस्ट की है तो ग्रुप एडमिन की जिम्मेदारी होगी की वह इसकी जानकारी पुलिस को दे। अन्यथा अगर पुलिस की पड़ताल में कोई अपत्तिजनक पोस्ट मिली तो ग्रुप एडमिन और पोस्ट करने वाले दोनों के खिलाफ कार्रवाई होगी।






## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसों में युवक की मौत, चार घायल

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जिले के बखिरा थाना क्षेत्र और मेंहदावल थाना क्षेत्र में सोमवार देर शाम हुए अलग-अलग सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए। बखिरा थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि मेंहदावल-बखिरा मार्ग पर कानापार के पास अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार और ठेला चालक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 26 वर्षीय दिनेश निषाद गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी मेंहदावल ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। वहीं ठेला चालक 50 वर्षीय राकेश गौतम घायल हो गए। उधर छपिया अंगद के पास बाइक और ई-रिक्शा की टक्कर में लकी शर्मा, सूरज तथा संतोष गुप्ता घायल हो गए।

### सड़कों के निर्माण से मिलेगी सहूलियत

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** लोक निर्माण विभाग द्वारा क्षेत्र में 5 करोड़ 69 लाख 48 हजार की लागत से पांच प्रमुख मार्गों के नव निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। सदर विधायक श्यामधनी राही ने बताया कि जिन मार्गों का निर्माण किया जायेगा उनमें सिकरी लकड़ा सम्पर्क मार्ग से केजी बांध उत्तर ढाल से छोटे सचिवालय होते हुए वीरेन्द्र पाण्डेय के घर तक लकड़ा डीह सम्पर्क मार्ग, सिकरी लकड़ा से तुरकौलिया संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य, ककरही टड़िया गायघाट से तालभिरौना होते हुए खजूरडाड़ तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य, नगर पालिका सिद्धार्थनगर मार्ग से आवासीय परिसर होते हुए राष्ट्रीय मार्ग खण्ड, लोक निर्माण विभाग, सिद्धार्थनगर के कार्यालय तक मार्ग तथा झंगटी से एसएसबी कैम्प सम्पर्क मार्ग के किमी-1 से झंगटी गांव तक मार्ग का निर्माण कार्य शामिल है।

# छह छात्रों को मोमबत्ती से दागने का लगाया आरोप

सिद्धार्थनगर कार्यालय

- रैगिंग कांड ने खड़े कर दिये हैं गंभीर सवाल

**अमृत विचार:** माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में हुए रैगिंग कांड ने गंभीर सवाल खड़े कर दिये हैं। कॉलेज प्रशासन ने इस मामले में केवल एक छात्र को आरोपी बताया है जबकि 15 से 20 जूनियर छात्रों के उत्पीड़न और छह छात्रों को मोमबत्ती से दागे जाने का मामला प्रकाश में आया है।

बता दें कि पीड़ित छात्रों की शिकायत और आंतरिक जांच के मुताबिक एमबीबीएस 2023 बैच का एक सीनियर छात्र एमबीबीएस 2025 बैच के 15 से 20 जूनियर छात्रों को अपने कमरे में बुलाता था। वहां उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। वहीं जांच में सामने आया कि छह छात्रों को मोमबत्ती से दागा गया जिससे उनके शरीर पर जलने के निशान बन गये। कुछ छात्रों की आइब्रो भी काटी गईं। जूनियर छात्रों से निजी सवाल पूछे गये, उनके मोबाइल फोन की जांच की गई और उन्हें शिकायत करने पर गम्भीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी गई। हालांकि इस मामले को लेकर प्राचार्य राजेश मोहन ने बताया कि 2025 बैच के 15 से 20 छात्रों के साथ 2023 बैच का एक छात्र लगातार उत्पीड़न कर रहा था।

यह मामला 27 फरवरी को संज्ञान में आया जिसके बाद उन्होंने एंटी रैगिंग कमेटी का गठन किया। जांच में पाया गया कि 2023 बैच बहराइच का निवासी छात्र शौर्य गुप्ता 15 से 20 छात्रों का लगातार मानसिक उत्पीड़न कर रहा था। उसने 5 से 6 छात्रों को मोमबत्ती से दागा। इसके बाद शौर्य के खिलाफ वार्डन आशीष शर्मा ने सिद्धार्थनगर कोतवाली में केस दर्ज कराया। उस पर 25000 का अर्थदण्ड लगाया है।

# 706 फेरों में चलाई जा रहीं 110 होली विशेष ट्रेनें

संवाददाता, गोरखपुर।



**अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से देश के महानगरों एवं अन्य प्रमुख नगरों के लिये यात्रा करने वाले आरम्भिक यात्रियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। होली पर्व के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये, रिकॉर्ड संख्या में होली विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। ये ट्रेनें पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों से अम्बाला, अमृतसर, चंडीगढ़, कोलकाता (सियालदह), धनबाद, आसनसोल, नई दिल्ली, हैदराबाद, पुणे, मुम्बई, गोंदिया, पुरी, राजकोट, वलसाड, वडोदरा, गुवाहाटी, राँची, श्री गंगानगर, जयपुर, जोधपुर आदि नगरों हेतु चलाई जा रही हैं। होली पर्व के उपरान्त यात्रियों को उनके गंतव्य तक वापसी हेतु बढ़ती मांग को देखते हुये पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से देश के महानगरों एवं अन्य प्रमुख नगरों के लिये 76 होली विशेष ट्रेनें 416 फेरों में चलाई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से होकर देश के प्रमुख नगरों के लिये 34 होली विशेष ट्रेनें 290 फेरों में चलाई जा रही हैं। इस प्रकार, पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों से/होकर कुल 110 होली विशेष ट्रेनें 706 फेरों में चलाई जा रही हैं।

### जिले में धधकने लगीं कच्ची शराब की भट्टियां



कच्ची शराब बनाता कारोबारी। अमृत विचार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिले में विभिन्न स्थानों में कच्ची शराब का कारोबार अवैध ढंग से संचालित हो रहा है। नदियों के किनारे भट्ठों पर अवैध ढंग से कच्ची शराब का कारोबार फल-फूल रहा है। इस संबंध में जब जिला आबकारी अधिकारी से वार्ता करने का प्रयास किया गया तो मोबाइल की घंटी जाने के बाद उनका फोन नहीं उठा। एक अन्य अधिकारी से जब वार्ता की गई तो आबकारी अधिकारी ने बताया कि मिश्रौलिया थाना क्षेत्र में अवैध कच्ची दारू बनाई जाती है। मामला संज्ञान में है और उसके लिए कार्रवाई की जाती है। फिलहाल संबंधित विभाग के मौन का यह नतीजा है कि अवैध दारू का धंधा जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्र में एक उद्योग का रूप ले रहा है।

### जमीन कब्जाने के मामले में 17 पर केस दर्ज

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने जमीन कब्जाने के आरोप में पांच नामजद समेत 17 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामला रजिस्ट्री कार्यालय परिसर में मारपीट और जानमाल की धमकी से जुड़ा है। पीड़ित कृष्ण सेवक दास निवासी पांडेय तुलसी, थाना हरपुर बुदहट गोरखपुर हाल मुकाम ब्रह्मपुरी ऋषिकेश जिला टिहरी गढ़वाल, उत्तराखंड) ने तहरीर में आरोप लगाया है कि सरैया, तहसील खलीलाबाद स्थित उनकी कीमती जमीन पर भूमाफिया की नजर है। उन्होंने बताया कि 05 फरवरी 2025 को सुबह करीब 11 बजे वह जमीन से संबंधित कार्य के सिलसिले में रजिस्ट्री कार्यालय खलीलाबाद गए थे। इसी दौरान जमीनी रंजिश को लेकर पैलीखास निवासी सुधीर तिवारी, अरुण पांडेय, उनकी पत्नी मीरा, पुत्र कृष्णानंद उर्फ ददन पांडेय, राजकुमार निवासी सरैया समेत 12 अज्ञात लोग तीन वाहनों से वहां पहुंचे। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए जमीन अपने नाम करने का दबाव बनाया। पीड़ित का यह भी आरोप है कि विगत एक वर्ष से विभिन्न हथकंडों के जरिए जमीन को औने-पौने दाम में हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। कोतवाली प्रभारी जय प्रकाश दूबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुधीर तिवारी, अरुण पांडेय, मीरा पांडेय, कृष्णानंद उर्फ ददन पांडेय, राजकुमार समेत 12 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।



### गांव-गांव तक पहुंचाएं कांग्रेस की नीतियां

**संवाददाता सिद्धार्थनगर। अमृत विचार।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर सोमवार को पार्टी की बैठक जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियां गांव-गांव तक पहुंचाना समय की जरूरत है। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनसमस्याओं को प्राथमिकता देते हुए जनता के बीच संवाद बनाये रखें तथा पंचायत चुनावों में संगठन की मजबूती के लिए अभी से सक्रिय होकर कार्य करें। मजबूत संगठन ही चुनावी सफलता की आधारशिला होती है। इस अवसर पर कृष्ण बहादुर सिंह, अकील अहमद मुन्नू, सतीश चन्द्र त्रिपाठी, सोनिया मिश्रा, अनिल सिंह अन्नू, राजन श्रीवास्तव, रियाज मनिहार, इश्तियाक चौधरी, डॉ. प्रमोद कुमार, गालिब बिसेन, रियाजउद्दीन राईनी, ऋषिकेश मिश्रा, सादिक अहमद, सुदामा प्रसाद, मुकेश चौबे, शौकत अली, संतोष चौधरी, उजैर खान, रितेश त्रिपाठी, श्याम नारायन आदि मौजूद रहे।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार का इनामिया दबोचा

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** दुधारा पुलिस ने सोमवार को गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे पिपरा बोरिंग चौराहे के पास दबोचा। पुलिस के अनुसार सूचना मिली कि इनामी क्षेत्र में देखा गया है। इस पर प्रभारी निरीक्षक अरविंद शर्मा के नेतृत्व में टीम ने घेराबंदी की। इस दौरान एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह भागने लगा टीम ने पीछा कर दबोच लिया। पूछताछ में उसकी पहचान अतुल पाण्डेय पुत्र ओमकारनाथ पाण्डेय निवासी बरवा कला, थाना सिन्दुरिया, जनपद महराजगंज के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक आरोपी का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। संतकबीरनगर जिले के कोतवाली खलीलाबाद में उसके खिलाफ वाहन चोरी, डकैती और आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा महराजगंज के सिन्दुरिया थाने में 3/25 आर्म्स एक्ट तथा कोठीभार थाने में बेईमानी व चोरी से संपत्ति अर्जित करने जैसे मामलों में भी अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस ने अभियुक्त को कोर्ट में पेश कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मुसहरा में होली पर पीएसी तैनात ड्रोन से की जा रही निगरानी

**संवाददाता, संतकबीरनगर। अमृत विचार।** जिले के धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र के मुसहरा गांव में होली को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। गांव को दो दिन पहले से ही सुरक्षा छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पीएसी की टुकड़ियों के साथ पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जबकि ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है। डीएम और एसपी हर घंटे हालात की समीक्षा कर रहे हैं। चार दिन पूर्व गांव के प्राथमिक विद्यालय परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी जिसमें दोनों समुदायों के लोगों को आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। एएसपी और सीओ स्तर के अधिकारी गांव में कैंप कर रहे हैं। एसओ धर्मसिंहवा अमित कुशवाहा का कहना है कि दोनों पक्षों पर नजर रखी जा रही है। चेतावनी दी गई है कि आपसी सौहार्द बनाएं रखेंगे। अफवाह फैलाने वालों और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।






# मोदी सरकार की कृषि नीति किसान विरोधी

संवाददाता, प्रतापगढ़।



**अमृत विचार :** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सोमवार को रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के मुस्तफाबाद, राहाटीकर, सांगीपुर बाजार व लालगंज में कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्रीय लोगों से मुलाकात कर विकास योजनाओं को लेकर संवाद किया।

उन्होंने कहा कि रामपुरखास में सड़क, बिजली, शुद्ध पानी के साथ आम लोगों की सुरक्षा सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता में है। होली से पूर्व पांच दिवसीय रामपुरखास के दौरे के दौरान सांसद प्रमोद तिवारी का मुस्तफाबाद में ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से संचालित करायी जा रही विकास परियोजनाओं के संदर्भ में ग्रामीणों को जानकारी दी। सांगीपुर बाजार, लालगंज बाजार में उनका स्वागत किया गया। ग्रामीणों से संवाद के दौरान सांसद प्रमोद तिवारी मोदी सरकार की कृषि नीति को किसान विरोधी बताया। लालगंज नगर पंचायत के सांगीपुर वार्ड में पूर्व प्रधान समाजसेवी श्रीनाथ तिवारी के निधन पर परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की।

### डॉ. निधि ने हासिल की पीएचडी की उपाधि

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिले के उत्तर प्रदेशीय प्राशिसं के प्रथम अध्यक्ष तथा विकास खंड खुनियांव के ग्राम पंचायत नागचौरी निवासी ध्रुव नारायन पाण्डेय की नतिनी व केशरी नंदन पाण्डेय की पुत्री कुमारी निधि पाण्डेय (नेहा) ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुम्बई से होलो फाइबर मेम्ब्रेन फॉर बायोआर्टिफिशियल किडनी एण्ड लिवर एप्लीकेशन विषय पर डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्राप्त की है। डॉ निधि का शोध कार्य बायोआर्टिफिशियल किडनी और लिवर के लिए होलो फाइबर मेम्ब्रेन के विकास पर आधारित है जो भविष्य में किडनी और लिवर रोगों के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। निधि पांडेय को शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा, राधारमण त्रिपाठी, राममिलन त्रिपाठी, जितेन्द्र पाण्डेय, हिमांशु त्रिपाठी, रवि अग्रवाल आदि ने बधाई दी है।

# महिला ने बालिका संग नहर में लगाई छलांग, बच्ची की मौत

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पारिवारिक कलह से आहत एक महिला ने रविवार को अपनी तीन महीने की बच्ची को लेकर सरयू नहर में छलांग लगा दी। घटना में बच्ची की मृत्यु हो गई जबकि ग्रामीणों की तत्परता से महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पुलिस ने शव को परीक्षण के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के कपसिहवा गांव की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक चंपापुर निवासी अब्दुल करीम की पुत्री सहिदुननिशा का विवाह एक वर्ष पूर्व कपसिहवा निवासी मुस्तकीम से हुआ था। मुस्तकीम विदेश में रहते हैं। वहीं घर पर सास, ससुर और ननद के साथ महिला रहती है। शनिवार की रात किसी बात को लेकर परिवार में विवाद हो गया जो मारपीट में बदल गयी। बताया जाता है कि विवाद से आहत होकर रविवार सुबह सहिदुननिशा अपनी तीन महीने की बच्ची को लेकर गांव के समीप बह रही सरयू नहर की ओर चली गई और छलांग लगा दी। ग्रामीणों ने महिला को डूबते देख तत्काल प्रयास कर दोनों को बाहर निकाला और सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। जबकि महिला की स्थिति सामान्य बताई। महिला ने पुलिस को बताया कि पारिवारिक प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर उसने यह कदम उठाया।

### थाने से लौट रही महिला की बिगड़ी तबियत, मौत

**शुजागंज, विचार :** मां कामाख्या नगर पंचायत के सैदपुर गांव में जमीन विवाद के मामले में थाने गई दलित महिला की लौटते समय रास्ते में तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। सूचना पर रुदौली विधायक रामचंद्र यादव पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने आर्थिक सहायता प्रदान की।

## कार्यालय प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरडीएसओ अस्पताल, मानक नगर, आरडीएसओ लखनऊ- 226011

दिनांक: 02.03.2026

आरडीएसओ अस्पताल, लखनऊ में निम्नलिखित विशेषज्ञता में एक वर्ष की अवधि के लिए आनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट (एचवीएस ओर्थोपेडिक) के पद हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।

| HVS | श्रेणी | ड्यूटी की अवधि |
|---|---|---|
| HVS/Ortho. | Specialist | सप्ताह में 6 दिन, प्रतिदिन 2 घंटे |

उपरोक्त आनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट के लिए पीसीएमओ/आरडीएसओ, मानक नगर के कार्यालय में 31 मार्च 2026 को अपराहन 3.00 बजे तक, विधिवत रूप से भरे हुए, मुहरबंद आवेदन आमंत्रित हैं। आवेदन उसी दिन अपराहन 4.00 बजे खोले जाएँगे। चयन पेपर स्क्रीनिंग द्वारा किया जाएगा।
नोटः कृपया आरडीएसओ की वेबसाइट पर इसका विवरण देखें।

www.rdso. indian railways.gov.in

दिनांक: 28.02.2026
RO No. 60/2025-26/RDSO Hospital

प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी
आरडीएसओ अस्पताल,
लखनऊ

# जनसंपर्क कर पार्टी की नीतियां बताईं

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर



लोगों को पार्टी की नीतियों के बारे में बताते अपना दल जिलाध्यक्ष।

**अमृत विचार।** राजनीतिक सरगर्मियों के बीच शोहरतगढ़ विस क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान तेज हो गया है। अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष श्याम सुंदर चौधरी ने क्षेत्र के दर्जनों भर गांवों का दौरा किया।

जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया और पार्टी की नीतियों के प्रति अपनी आस्था जताई। वहीं भ्रमण के दौरान श्याम सुंदर चौधरी ने विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख गांवों का दौरा किया जिनमें अकरा, पकड़ी, बभनी, बैजनथा भटमला, पुरैना, बनफुकरा, जखौलिया, बरैनिया, टेढ़ी, सरपतहा, बैदौली और नैदहर शामिल रहे।

कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा आज जनसंपर्क के दौरान पार्टी के प्रति लोगों का जो लगाव, उत्साह और स्नेह मिला है वह मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। क्षेत्र की जनता का यही विश्वास मेरी असली ताकत है। प्रत्येक गांव में मिल रहे समर्थन से पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

### नौ से चलेगी विशेष साप्ताहिक ट्रेन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेल प्रशासन द्वारा आगामी होली पर्व पर यात्री जनता की मांग पर 03677/03678 धनबाद-गोरखपुर-धनबाद साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी का संचलन धनबाद एवं गोरखपुर से 09 से 30 मार्च, 2026 तक प्रत्येक सोमवार को 04 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 03677 धनबाद-गोरखपुर साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी 09 से 30 मार्च, 2026 तक प्रत्येक सोमवार को धनबाद से 00.30 बजे प्रस्थान कर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं0 गोमो से 01.02 बजे, पारसनाथ से 01.20 बजे, हजारीबाग रोड से 01.46 बजे, कोडरमा से 02.20 बजे, गया से 04.00 बजे, अनुग्रह नरायण रोड से 04.53 बजे, डेहरी ऑन सोन से 05.10 बजे, सासाराम से 05.30 बजे, भभुआ रोड से 06.02 बजे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं0 से 07.20 बजे, वाराणसी से 08.50 बजे, जौनपुर से 10.05 बजे, औड़िहार से 11.10 बजे, मऊ से 12.20 बजे, भटनी से 03.50 बजे तथा देवरिया सदर से 14.22 बजे छूटकर गोरखपुर से 16.15 बजे पहुंचेगी।

# खूंखार कुत्तों ने मासूम को नोच कर मार डाला

संवाददाता, मीरगंज(बरेली)

- शाही थाना क्षेत्र के सुकली गांव की घटना

**अमृत विचार :** शाही थाना क्षेत्र के सुकली गांव में सोमवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां आवारा कुत्तों ने चार वर्षीय मासूम को घेरकर बेरहमी से नोच डाला। हमले में गंभीर रूप से घायल बच्चे ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

सुकली निवासी खुर्शीद का चार वर्षीय बेटा अर्श सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे गांव से लगभग 500 मीटर दूर खेत पर पहुंच गया। खेत में पशुओं के लिए बरसीम का चारा लगा हुआ है। बताया जा रहा है कि अर्श अक्सर अपने पिता और दादा के साथ खेत पर जाता था। पिता शाही में दूध देने गए थे और खेत पर नहीं थे। अर्श को अकेला पाकर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। कुत्तों ने उसे बुरी तरह नोच डाला। मासूम की चीखें सुनकर ग्रामीण दौड़े, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। परिजनों के अनुसार, जब पिता खेत पर पहुंचे तो देखा कि कुत्ते अर्श को नोच रहे थे। उन्होंने किसी तरह कुत्तों को भगाया, लेकिन तब तक अर्श की मौत हो चुकी थी। लहूलुहान हालत में जब बच्चे का शव घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। अर्श अपने भाइयों में सबसे छोटा था। थानाध्यक्ष ने बताया कि मासूम के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने और तहरीर देने से इनकार कर दिया है। पुलिस आवश्यक जानकारी जुटा रही है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैने अपना नाम NEERAJ BISHT से बदलकर NEERAJ SINGH BISHT रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MADAN SINGH ADD-529K/217 DEFENCE COLONY TALIBAGH DIST-LUCKNOW-226029 (U.P.)

**सूचना**

मैंने अपने बड़े पुत्र संजीव शुक्ला व छोटे पुत्र आशीष शुक्ला को इनके गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल - अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किये किसी भी कृत्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी- कमल नारायण नि- HS1/10, सेक्टर-ए, राम-राम चौराहा के पास, लखनऊ

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं MOHAMMED RAEES, MOHAMMED UMMEDI से अपना नाम बदल कर MOHD RAIS रख लिया है अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचान जाए। पुत्र MOHD UMMEDI निवासी मुस्तफाबाद जिला AYODHYA का रहने वाला हूँ।

**सूचना**

मैं महिमा राजपूत पुत्री श्री मुन्नी लाल निवासिनी-379, पतहा पुरवा, तकरोही, चिनहट, लखनऊ, उ0प्र0 की हूँ। मेरे केनरा बैंक शाखा इन्दिरा नगर लखनऊ में मेरा नाम Kumari Uma अंकित है। जबकि आधार कार्ड व शैक्षणिक प्रमाण पत्रो व अन्य समस्त दस्तावेजो में मेरा नाम महिमा राजपूत अंकित है जो कि सत्य व सही है। यह कि मेरे नाम महिमा राजपूत को ही मान्य समझा जाये। उमा व महिमा राजपूत दोनो एक ही व्यक्ति हैं अर्थात मेरे ही नाम है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम बुधौली तहसील सोहावल जिला अयोध्या में मेरी भूमि गाटा संख्या 930 बैनामा नकल का मूल दस्तावेज कही खो गया है जो नहीं मिल सका जिसके संबंध मेरे द्वारा पुलिस में ऑनलाइन लाइन शिकायत भी दर्ज कराई गई है। यदि किसी को कही मेरा दस्तावेज मिले तो कृपया इस पते पर देने का कष्ट करे आभारी रहूंगा। **निवेदक शपथकर्ता '-उमंग गुप्ता, पुत्र,हरीश चंद, निवासी ग्राम धन्नीपुर, तहसील सोहावल, थाना रौनाही अयोध्या**

**Public Notice**

I, IRFAN AHMAD SALMANI S/O ABDUL MANNAN SALMANI, R/O-VILL-PIYARE PURWA, POST-BHITAURA, PS-MANKAPUR, GONDA, UP, HEREBY INFORM EVERYONE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO IRFAN AHMAD S/O ABDUL MANNAN SHOULD BE KNOWN, IDENTIFIED, AND ADDRESSED AS IRFAN AHMAD.

**सूचना**

मैं PRADEEP KUMAR KANT पुत्र श्री SHIV RATAN, निवासी- ग्राम सेमरपाहा, थाना-लालगंज, रायबरेली, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर PRADEEP KUMAR कर लिया है, अतः आज से मुझे PRADEEP KUMAR S/O SHIV RATAN के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**

मेरा एक किता मूल दस्तावेज बैनामा दिनांक 26.03.2004 जो सब-रजिस्टर कार्यालय गोण्डा में बुक संख्या 1 जिल्द 3288 में पेज 57 से 70 पंजीयन सख्या 3201 पंजीकृत हुआ था। जिसके विक्रेता नीबर उर्फ नीबरे तथा क्रेता परागदत्त थे जो कही खो गया है। जिसका काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला। प्रार्थी - **सुमित सिंह पुत्र पवन कुमार सिंह निवासी- ग्राम व पोस्ट - मझारा, जिला गोण्डा।**

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सुलतानपुर-अमेठी वृत्त, लोक निर्माण विभाग, सुलतानपुर

पत्रांकः- 795/1काम-सु0अ0वृ0/2025-26 दिनाँकः- 26-02-2026

### अल्पकालीन निविदा ई-निविदा सूचना (प्रथमबार आमंत्रण) स्वीकृति की प्रत्याशा में

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, सुलतानपुर-अमेठी वृत्त, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में निर्माण कार्य हेतु रजिस्टर्ड अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि यह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने के नियमों से अवगत हो लें।

| क्र0 सं0 | जिला | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रु0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रु0 लाख में) | निविदा शुल्क प्रपत्र का मूल्य+स्टेशनरी +जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण कराने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सुलतानपुर | सैनी अशरफपुर सम्पर्क मार्ग से मठिया (कांपा) तक सम्पर्क मार्ग | 63.60 | 5.18 | Rs.2714.00 | 06 माह | निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0 सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 2. | -तदैव- | पूरे मल्लाहन (हलियापुर) सम्पर्क मार्ग | 75.50 | 5.78 | Rs.2714.00 | 06 माह | निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0 सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 3. | -तदैव- | पूरे सबल (सोरांव) सम्पर्क मार्ग | 54.50 | 4.73 | Rs.2714.00 | 06 माह | निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0 सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 4. | -तदैव- | पूरे जमादार (रामपुर बबुआन) सम्पर्क मार्ग | 50.50 | 4.53 | Rs.2714.00 | 06 माह | निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0 सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 5. | -तदैव- | मठसेन्दुरा (डीह) सम्पर्क मार्ग | 54.50 | 4.73 | Rs.2714.00 | 06 माह | निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0 सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |

- बिल आफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुए लगाई गयी है।

निविदा आनलाइन दिनाँक 06.03.2026 की पूर्वाहन 9:00 बजे से दिनाँक 17.03.2026 की अपराह्न 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 17.03.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनाँक 17.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018-42 आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रुप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेक प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरुप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साप्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेंट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

UP - 247248 दिनांकः 01/03/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड-3,लो0नि0वि0,
सुलतानपुर

अधीक्षण अभियन्ता,
सुलतानपुर-अमेठी वृत्तलो0नि0वि0,
सुलतानपुर

